## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- होली के अवकाश के बाद आज से फिर शुरु होगी झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही, कानून व्यवस्था को लेकर हंगामे के आसार।
- राज्य में कांग्रेस की चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा कल से होगी शुरु, बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातू में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिखायेंगे हरी झंडी।
- गढ़वा में कल से शुरु हो रहे दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव की तैयारी पूरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल।
- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव, कल गरज के साथ वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने 20 और 21 मार्च को ओलावृष्टि और तेज हवा को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के जूनियर वर्ग में खूंटी, हजारीबाग, बोकारो और सिमडेगा ने जीते अपने–अपने मैच, सब जूनियर वर्ग में रांची, बोकारो, पलामू और सिमडेगा ने मारी बाजी।

****************

होली के अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज से फिर शुरु होगी। होली के दौरान गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा में हुई हिंसा की घटना को लेकर सदन में हंगामे के आसार हैं। दो समुदायों के बीच हुई झड़प को लेकर विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने का प्रयास करेगा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कल घोड़थम्बा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये थे।

****************

इधर, भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी राज्य के विधि–व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। सरायकेला–खरसांवा जिले में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ आदिवासी अस्मिता खतरे में है तो दूसरी ओर सरकार से कानून व्यवस्था भी नहीं संभल रही है।

****************

इस बीच सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा नेता को धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

****************

पहाड़, पानी, पौधा, पंचायती राज और पेसा कानून को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा कल से चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा की शुरुआत की जा रही है। इसकी शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से होगी, जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश इसे हरी झंडी दिखायेंगे। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने बताया कि स्वराज पदयात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

****************

पर्यटन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से गढ़वा जिले में दो दिवसीय राजकीय बंशीधर महोत्सव की शुरुआत कल से होगी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्रीबंशीधर नगर के गोसाईंबाग के मैदान में इस राजकीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव को भव्य रुप देने के लिए प्रशासन की ओर से कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में महोत्सव के प्रचार–प्रसार के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर ने जागरुकता रथ रवाना किया।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
****************

झारखंड जनाधिकार महासभा ने राज्य सरकार से राज्य में पेसा कानून पूरी तरह से लागू करने की मांग की है। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर महासभा के सदस्यों ने कहा कि इसके लिए झारखंड पंचायत राज अधिनियम– 2001 में संशोधन कर पेसा के सभी प्रावधानों को शामिल करने की आवश्यकता है।
****************

पाकुड़ जिले में एनीमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।
****************

संक्षिप्त खबरें

- राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के तहत देवघर के 127 लाभुकों के खाते में तीसरे किश्त की एक करोड़ सत्ताईस लाख रुपए भेजे गए हैं। यह जानकारी उपायुक्त विशाल सागर ने दी।
- देवघर अनुमंडल क्षेत्र में अवैध तरीके से बालू व गिट्टी के उठाव पर रोकथाम के लिए छापेमारी की गयी। इस दौरान बालू–गिट्टी लदे कई वाहनों को जब्त किया गया।
- खूंटी जिला के अड़की थाना क्षेत्र के रागोनोय गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की खूंटी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखायी पड़ रहा है। इससे मौसम में बड़ा बदलाव आया है। कई जिलों में बादल छाये हैं और बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने कल राज्य के उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती इलाकों में गरज के साथ वज्रपात की आशंका व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 मार्च को रांची, लोहरदगा, गुमला समेत राज्य के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
****************

भारतीय खेल प्राधिकरण–साई और हॉकी इंडिया के सहयोग से रांची में आयोजित झारखंड अस्मिता हॉकी लीग के पहले दिन जूनियर और सब जूनियर वर्ग में चार–चार मैच खेले गये। जूनियर वर्ग में खूंटी हजारीबाग, बोकारो और सिमडेगा ने अपने–अपने मैच जीत लिये। वहीं, सब जूनियर वर्ग में रांची, बोकारो, पलामू और सिमडेगा ने मैच जीत कर पूरे अंक हासिल किये। इससे पहले प्रतियोगिता का उदघाटन खेल विभाग के अवर सचिव राजेश कुमार और भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान अंसुता लकड़ा ने किया।
****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति जांच की याचिका खारिज होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच मामले में दायर पीआईएल खारिज।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पुआल के ढेर में आग, भाई–बहन समेत चार बच्चे जिन्दा जले।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– आदिवासी समितियों ने सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का किया विरोध, 22 मार्च को रांची बंद का आह्वान।

दैनिक जागरण लिखता है– एनटीपीसी की जमीन पर बन रहा है अंबा प्रसाद का आवास।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड से मुलाकात की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच हुई बातचीत की खबर को सुर्खी बनायी है।

************